मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-357
06/10/2019

मुख्यमंत्री ने बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया एवं उसके आसपास के बाढ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

- चूनापुर हवाई अड्डे पर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पटना, 06 अक्टूबर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया एवं उसके आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मौजूदा स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने पूर्णिया के चूनापुर हवाई अड्डे पर रूक कर कटिहार एवं पूर्णिया के जिलाधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को तीव्र गति से राहत और बचाव कार्य चलाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं भागलपुर के प्रभारी सचिव श्री चंचल कुमार कल दो बजे से भागलपुर में कैम्प कर राहत एवं बचाव कार्यों का स्वयं अनुश्रवण करेंगे।

हवाई सर्वेक्षण के दौरान मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार साथ थे।

******